आज़ादी का अमृत महोत्सव

# कार्यालय नगरपालिका परिषद गोटेगांव जिला नरसिंहपुर म0प्र0

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL GOTEGAON DIST. NARSINGHPUR M.P.**

Near Fountain Chouk,Patel Ward ,Gotegaon
Dist. Narsinghpur . Pin Code 487118
Contact :- 07794 - 282048 , 282089
E_mail :- cmogotegaon@mpurban.gov.in
Website :- www.Nagarpalikagotegaon.org

क्रमांक 546/ न0पा0प0 / दिव्यांग भर्ती / 2024-25 गोटेगांव दिनांक 30 / 08 / 2024

## विज्ञापन

विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पदों की पूर्ति के लिये पात्र अभ्यार्थियों से संलग्न प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है । आवेदन दिनांक 19 / 09 / 2024 को सायंकाल 5:00 बजे तक डाक से अथवा व्यक्तिशः नगरपालिका परिषद गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं । निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में उन पर विचार नहीं किया जावेगा । डाक के माध्यम से बिलंब प्राप्त आवेदन पत्र के लिये निकाय / कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा ।

| क्र | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | आरक्षित वर्गवार रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता | वाक-इन-इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टिबाधित और कम दृष्टिबाधित | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं सेरेब्रल पाल्सी , कुष्ठरोग मुक्त , बौनापन , एसिड अटैक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता , स्पेशिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी ओर बहुविकलांगता | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सफाई संरक्षक सीधी भर्ती नियमित | चतुर्थ | 15500-49000 लेवल -1 | 00 | 01 | 00 | 00 | 5वीं उत्तीर्ण | पात्र अभ्यार्थियों को वाक-इन-इंटरव्यू की सूचना पृथक से दी जावेगी । |
| 2 | सफाई संरक्षक संविदा | चतुर्थ | 8000.00 प्रतिमाह | 00 | 01 | 01 | 00 | 5वीं उत्तीर्ण ( 01 वर्ष का अनुभव सहित) | |

मुख्य शर्ते –

01. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है ।
02. इस विज्ञापन के जारी होने के दिनांक को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होना चाहिये ।
03. आवेदक का म.प्र. राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
04. आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु ( पुरूष के लिये 21 वर्ष , महिला के लिये 18 वर्ष ) के पूर्व हो गया हो तो उक्त पद के लिये उसे (अयोग्य माना जावेगा ।
05. प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद मेरिट के आधार पर चुनिंदा अभ्यार्थियों को वॉक-इन्-इंटरव्यू / साक्षरता के लिये आमंत्रित किया जावेगा । उक्त की सूचना आवेदक की मेल आईडी / मोबाईल पर दी जावेगी ।
06. वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा अथवा अन्य भत्ता देय नहीं होगा ।
07. आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित होने चाहिये।
08. भर्ती से संबंधित अन्य जानकारी निकाय की बेबसाईट (www.nagarpalikaparishadgotegaon.org) / कलेक्टर कार्यालय/ जिला पंचायत कार्यालय / निकाय के सूचना पटल / विभाग की बेबसाईट www.mpurban.gov.in पर देखी जा सकती है ।
09. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकारी नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होगें ।
10. आवेदन भेजने का पता – मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद गोटेगांव गोटेगांव ।
11. अधूरे , अस्पष्ट , अपठनीय, कटे / फटे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद गोटेगांव

पृ0क्र0 547 / न0पा0प0/दिव्यांग भर्ती / 2024-25 गोटेगांव दिनांक 30 / 08 / 2024

01. दैनिक समाचार पत्र पत्रिका ,दैनिक भास्कर एवं हितवाद की ओर शासन द्वारा स्वीकृत दर पर तत्काल समाचार पत्र में प्रकाशित कर 03 प्रति उपलब्ध कराये जाने हेतु ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद गोटेगांव



Scanned with OKEN Scanner

Near Fountain Chouk, Patel Ward, Gotegaon
Dist. Narsinghpur. Pin Code 487118
Contact :- 07794 - 282048, 282089
E_mail :- cmogotegaon@mpurban.gov.in
Website :- www.Nagarpalikagotegaon.org


क्रमांक 550 /न0पा0प0/दिव्यांग भर्ती / 2024-25 गोटेगांव दिनांक 30 / 08 / 2024

दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विस्तृत जानकारी

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा रिट याचिका क्रमांक 7275/2019 में दिनांक 30.01.2024 को पारित आदेश के अनुक्रम में विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित निम्न पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 546 दिनांक 30/08/2024 प्रसारित किया गया है ।

| क्र | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | आरक्षित वर्गवार रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता | वाक-इन-इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टिवाधित और कम दृष्टिवाधित | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठरोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेशिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सफाई संरक्षक सीधी भर्ती नियमित | चतुर्थ | 15500-49000 लेवल -1 | 00 | 01 | 00 | 00 | 5वीं उत्तीर्ण | पात्र अभयार्थियों को वाक-इन-इंटरव्यू की सूचना पृथक से दी जावेगी । |
| 2 | सफाई संरक्षक संविदा | चतुर्थ | 8000.00 प्रतिमाह | 00 | 01 | 01 | 00 | 5वी उत्तीर्ण (1 वर्ष का अनुभव सहित | |

उपरोक्त पदों की पूर्ति के लिये विस्ततृ जानकारी निम्नानुसार है —

01. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है ।
02. समस्त प्रमाण पत्रों को सक्षम अधिकारी अथवा राजपत्रित अधिकारी अथवा स्वयं सत्यापित करने उपरांत प्रमाण पत्रों की प्रति संलग्न प्रेषित की जावे।
03. मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के परिपत्र क्रमांक सी 3-39/16/1/3 भोपाल दिनांक 04 जुलाई 2019 अनुसार अभ्यार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग- अनु0जा0, अनु0ज0जा0, अन्य पिछडा वर्ग, शासकीय / निगम/मण्डल / स्वाशासी संस्था के कर्मचारियों / नगरसैनिक / नि:शक्तजन/ महिलाओं (अनारक्षित / आरक्षित ) आदि के लिये 18 से 45 वर्ष ( अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट) होगी ।
04. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक सी-3-8/2016/3-एक भोपाल दिनांक 12 मई 2017 एवं परिपत्र क्रमांक 3-38/16/1/3 भोपाल दिनांक 04 जुलाई 2019 अनुसार के अनुसार आवेदक का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है ।
05. आवेदक को वॉक-इन-इंटरव्यू / साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है ।
06. दिव्यांगता के डिजीटल प्रमाण पत्र की अनिवार्यता दिनांक 01/06/2021 से लागू की गई है । अत: उक्त तिथी के पूर्व जारी मैन्यूअल दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी मान्य होगा
07. डिजीटल जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र / जाति प्रमाण पत्र एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया ही मान्य होगा ।
08. वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।
09. अधूरे, अस्पष्ट एवं अपठनीय आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा ।
10. भर्ती से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयनी समय में निगम/ निकाय से प्राप्त की जा सकती है ।
11. यह कि जिस आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष ) के पूर्व हो गया हो उसे उक्त पदों के लिये अयोग्य माना जावेगा ।
12. यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वह आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख तिथी को पूर्ण करता है ।
13. आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण, असत्य या त्रुटिपूर्ण पायी जाती है अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया जाता है तो उसके आधार पर आवेदक को पूर्व सूचना दिये बिना उसका आवेदन पत्र किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है।
14. सीधी / बैकलॉग के पदों पर आवेदक राष्ट्रीय पेंशन योजना 2005 अंतर्गत नियुक्त होंगे ।
15. मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 30/06/2014 के अनुसार वर्गवार आरक्षण न करते हुये दिव्यांगजनों की श्रेणी के आधार पर आरक्षण किये जाने से विशेष पिछडी जनजातियों (सहरिया/सहरिया, भारिया एवं बैगा ) महिलाओं एवं भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के आवेदकों को पृथक से आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं होगा ।
16. ऐसे समस्त आवेदन पत्र जो अपूर्ण है एवं विहित प्रारूप में नहीं है । वे निरस्त कर दिये जायेंगे । अभिलेखों को कूटरचित किया हो या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किये गये हो जो रूपान्तरित किये गये हों वे भी निरस्त कर दिये जाएंगे । साथ ही ऐसे विवरण दिए गए हो जिसमें ऐसी तात्विक जानकारी छिपाई गई हो, जो चयन के लिये आवश्यक हो तो ऐसे आवेदन पत्र भी निस्त कर दिये जायेंगे ।
17. दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पदों के विरूद्ध चयनित होने वाले अभयार्थियों का उनके लिये जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड से मेडिकल परीक्षण कराकर यह सुनिश्चित होने के पश्चात ही कि वे वास्तव में विकलांग हैं यह जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणित किये जाने के उपरांत ही नियुक्ति आदेश जारी किये जायेंगे ।

क्रमश .........



Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय नगरपालिका परिषद गोटेगांव जिला नरसिंहपुर म0प्र0
OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL GOTEGAON DIST. NARSINGHPUR M.P.
Near Fountain Chouk,Patel Ward ,Gotegaon
Dist. Narsinghpur . Pin Code 487118
Contact :- 07794 - 282048 , 282089
E_mail :- cmogotegaon@mpurban.gov.in
Website :- www.Nagarpalikagotegaon.org

आज़ादी का अमृत महोत्सव



18. यह कि दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पदों के विरूद्ध चयनित होने वाले अभ्यार्थियों के निःशक्तता का प्रतिशत 40प्रतिशत या अधिक पाए जाने पर ही कार्यभार ग्रहण ,कराया जाएगा ।
19. शासन के आदेश के अनुसार कोई भी अभ्यार्थी जिसके 02 से अधिक जीवित संताने है जिसमें से एक का जन्म 26 जनवसरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ है तो ऐसा अभ्यार्थी नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा । लेकितन यदि एक बच्चा जीवित है और उसके बाद के प्रसव में दो या अधिक संताने जन्म लेती हैं तो उसे अयोग्य नहीं माना जावेगा ।
20. मध्यप्रदेश शासन , सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी. 3-13 / 2019/ 3 / एक भोपाल दिनांक 12 दिसम्बर 2019 के अनुसार सीधी भर्ती के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर चयन होने पर अभ्यार्थी 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त होगा । परिवीक्षा अवधि में अभ्यार्थी को प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत राशि स्टायपेंड के रूप में दी जावेगी ।
21. दिव्यांगजनों हेतु चिन्हांकित संविदा के पदों पर भर्ती संबंधी कार्यवाही मध्यप्रदेश नगरपालिका संविदा (अनुबंध तथा सेवा की शर्ते ) सेवा, नियम 2021 में विहित प्रावधानुसार की जावेगी ।
22. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होगें ।
23. प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत मेरिट के आधार पर वॉक-इन-इंटरव्यू /साक्षात्कार के लिए अभ्यार्थियों को आमंत्रित किया जायेगा । उक्त की सूचना आवेदक द्वारा दी गई मेल आईडी पर प्रेषित की जावेगी ।

दिनांक

पुनम/जितेन्द्र ठाकुर
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद गोटेगांव

राजेश महतेल
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद गोटेगांव

पृ0क्र0 .551.../न0पा0प0/दिव्यांग भर्ती / 2024-25
गोटेगांव दिनांक 30/8/2024

प्रतिलिपि — सादर सूचनार्थ प्रेषित है —

01. आयुक्त महोदय, नगरीय प्रशासन एवं विकास म0प्र0 भोपाल ।
02. कार्यालय कलेक्टर जिला नरसिंहपुर के सूचना पटल् पर चस्पा हेतु ।
03. कार्यालय जिला पंचायत नरसिंहपुर के सूचना पटल पर चस्पा हेतु ।
04. कार्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर के सूचना पटल् पर चस्पा हेतु ।
05. परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण नरसिंहपुर के सूचना पटल् पर चस्पा हेतु ।
06. कार्यालय न0पा0 परिषद गोटेगांव के के सूचना पटल् पर चस्पा हेतु ।
07. संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास की बेबसाईट पर अपलोड हेतु ।
08. नगरपालिका परिषद गोटेगांव की बेबसाईट पर अपलोड हेतु ।

पुनम/जितेन्द्र ठाकुर
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद गोटेगांव

राजेश महतेल
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद गोटेगांव

Scanned with OKEN Scanner

## आवेदन पत्र

प्रति,

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद गोटेगांव

| स्व-प्रमाणित पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करें । |
|---|

विषय - पद ...................................... वर्ग ............................ के लिये आवेदन ।
संदर्भ - आपका विज्ञापन क्रमांक ............................ दिनांक ............................ ।

01. आवेदक / आवेदिका का पूरा नाम ..........................................................................................
02. आवेदक / आवेदिका के पिता / पति का नाम ..........................................................................................
03. आवेदक / आवेदिका की माता का नाम ..........................................................................................
04. आवेदक / आवेदिका की जन्मतिथी वर्ष ..............माह................ दिन ........... (जन्म प्रमाण पत्र / हाई स्कूल की अंकसूची अनुसार)
05. विज्ञापन प्रसारण के दिनांक को आयु वर्ष ..............माह................ दिन ...........
06. आवेदक / आवेदिका का लिंग -(टिक लगाये ✓)पुरूष .......... महिला .......... अन्य ..........
07. आवेदक / आवेदिका की जाति ..........................................................................................
08. दिव्यांगता की श्रेणी एवं प्रतिशत - ..................................प्रतिशत ................
09. आवेदक / आवेदिका यदि विवाहित हो तो — (विवाह प्रमाण पत्र अनुसार विवाह का दिनांक) ..........................................................................................
10. जीवित संतानों का विवरण ..........................................................................................
11. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक ......................... रोजगार कार्यालय का नाम ................................
12. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता —

| क्र | परीक्षा का नाम | संस्था बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | विषय | कुल अंक | प्राप्त अंक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

13. पद हेतु अनुभव का विवरण - ..........................................................................................
14. अतिरिक्त विशेष योग्यता यदि हो तो ..........................................................................................
15. वर्तमान पता (पिनकोड सहित) ..........................................................................................
..........................................................................................
16. स्थाई पता (पिनकोड सहित ) ..........................................................................................
..........................................................................................
17. पत्राचार का पूरा पता ( पिनकोड सहित ) ..........................................................................................
..........................................................................................
18. ईमेल आईडी (आवश्यक ) ..........................................................................................
19. मोबाईल नम्बर (आवश्यक ) 01.........................................02.........................................

आवेदक के हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता / करती हूं कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई हे यह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है । कोई भी जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जावे ।

आवेदक के हस्ताक्षर

संलग्नक - 1. म.प्र. के मूल निवासी का प्रमाण पत्र 2. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन 3. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (न्यूनतम 40 प्रतिशत) 4. जाति प्रमाण पत्र 5. जन्मतिथी का प्रमाण पत्र ( जन्म प्रमाण पत्र / हाईस्कूल की अंकसूची )

Scanned with OKEN Scanner

प्रारूप
परिशिष्ट – 4

पावती

विशेष भर्ती अभियान 2024 के तहत दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पदों के संबंध में निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुआ :-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदक / आवेदिका का नाम - | | | |
| 2 | पिता/ पति का नाम - | | | |
| 3 | पद एवं श्रेणी जिसके लिये आवेदन प्राप्त हुआ | | | |
| 4 | संलग्न ( ✓ / × ) का निशान लगावें - | | | |
| | अ | मध्यप्रदेश का मूल निवासी का प्रमाण पत्र - | | |
| | ब | रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन - | | |
| | स | दिव्यांगता का प्रमाण पत्र - | | |
| | द | जाति प्रमाण पत्र - | | |
| | इ | जन्म प्रमाण पत्र - | | |
| 5 | आवेदन प्राप्त होने का दिनांक एवं समय | | दिनांक | समय |

दिनांक

निकाय की सील

प्राप्तकर्ता का नाम / पद /हस्ताक्षर


प्रारूप
परिशिष्ट – 4

पावती

विशेष भर्ती अभियान 2024 के तहत दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पदों के संबंध में निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुआ :-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदक / आवेदिका का नाम - | | | |
| 2 | पिता/ पति का नाम - | | | |
| 3 | पद एवं श्रेणी जिसके लिये आवेदन प्राप्त हुआ | | | |
| 4 | संलग्न ( ✓ / × ) का निशान लगावें - | | | |
| | अ | मध्यप्रदेश का मूल निवासी का प्रमाण पत्र - | | |
| | ब | रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन - | | |
| | स | दिव्यांगता का प्रमाण पत्र - | | |
| | द | जाति प्रमाण पत्र - | | |
| | इ | जन्म प्रमाण पत्र - | | |
| 5 | आवेदन प्राप्त होने का दिनांक एवं समय | | दिनांक | समय |

दिनांक

निकाय की सील

प्राप्तकर्ता का नाम / पद /हस्ताक्षर




Scanned with OKEN Scanner